विवेकानन्द केन्द्र समाचार २०२२-२३

विवेकानन्द केन्द्र समाचार – २०२२ -२०२३

अनुक्रमणिका

- महासचिव का पत्र
- वसुधैव कुटुम्बकम्
- एक झलक
- २०२२-२३ की मुख्य गतिविधियां
- नियमित गतिविधियां
- सी-20 में विवेकानन्द केन्द्र
- विवेकानन्द केन्द्र की परियोजनाओं (प्रकल्पों) का अवलोकन
- स्वास्थ्य सेवा
- ग्राम विकास
- भारतीय संस्कृति
- प्रकाशन
- शिक्षा
- विवेकानन्द केन्द्र के कार्यों का प्रान्तशः अवलोकन
- दक्षिण प्रान्त
- महाराष्ट्र प्रान्त
- गुजरात प्रान्त
- राजस्थान प्रान्त
- मध्य प्रान्त
- हरियाणा प्रान्त
- पंजाब प्रान्त
- उत्तर प्रान्त
- उत्तर प्रदेश प्रान्त
- अरुणाचल प्रदेश प्रान्त
- असम प्रान्त
- पश्चिम प्रान्त
- बिहार प्रान्त
- ओडिशा प्रान्त
- तेलुगु प्रान्त
- कन्याकुमारी स्थिति स्मारक और प्रदर्शनियाँ
- विवेकानन्दपुरम्, कन्याकुमारी में विभिन्न गतिविधियां
- शिविर कैलेण्डर – २०२३
- श्रद्धांजलि
- विवेकानन्द शिला स्मारक के कुछ महत्त्वपूर्ण दर्शनार्थियों की सूची (अप्रैल २०२२ से मार्च २०२३)
- क्या आप स्वामी विवेकानन्द की पुकार सुन रहे हैं?
- आह्वान
- आपका योगदान महत्त्वपूर्ण है
- सोशल मीडिया पर विवेकानन्द केन्द्र

महासचिव का पत्र

प्रिय बहनों और भाइयों,

भारतमाता- कन्याकुमारी के चरणों से नमस्कार!

वर्ष २०२२-२३ का विवेकानन्द केन्द्र समाचार "वसुधैव कुटुम्बकम्" पर केन्द्रित है।

दिसम्बर, २०२२ से नवम्बर, २०२३ तक भारत के पास G20 की अध्यक्षता रहेगी। उथल-पुथल के इस युग में, पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है क्योंकि यही राष्ट्र मार्ग दिखा सकता है। आज का वैश्विक परिदृश्य हमें महान ब्रिटिश इतिहासकार डॉ. अर्नोल्ड जोसेफ टॉयनबी (१८८९-१९७५) के शब्दों का स्मरण दिलाता है -

'यह पहले से ही स्पष्ट होता जा रहा है कि जिस अध्याय की शुरुआत पश्चिमी थी, यदि उसे मानव जाति के आत्म-विनाश में समाप्त नहीं होना है, तो उसकी परिणति भारतीय पद्धति से होनी होगी। मानव इतिहास के इस अत्यन्त संकटकाल में प्राचीन हिन्दू मार्ग ही एकमात्र उद्धार का मार्ग है। इसमें वह दृष्टिकोण और चेतना विद्यमान है जो मानव जाति का एक साथ, एक कुटुम्ब की ओर विकास कर सकती है।'

भारत ने G20 के लिए जो थीम "वसुधैव कुटुम्बकम्" या "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य" रखी है, वह हमारी भूमिका को बहुत स्पष्ट करती है। विवेकानन्द केन्द्र इसके एक कार्यक्षेत्र - 'सिविल सोसायटी 20', संक्षेप में सी20 में संस्थागत भागीदार है। केन्द्र - "वसुधैव कुटुम्बकम्" (मई, २०२३) और "विविधता, समावेश, पारस्परिक सम्मान" (जून, २०२३) विषयों पर दो अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करेगा। लगभग सभी राज्यों में विभिन्न संगठनों और संस्थानों को शामिल करके विभिन्न चौपाल, समाजशालाएं आदि आयोजित की जा रही हैं।

इस वर्ष के केन्द्र समाचार में विवेकानन्द केन्द्र के पूर्व अध्यक्ष, स्वर्गीय माननीय पी. परमेश्वरनजी (१९२२-२०१९) का एक वैचारिक जागरणवाला मुख्य आलेख को सम्मिलित किया गया है। "स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव" मनाने के लिए, केन्द्र ने राजस्थान, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में सन्देश यात्राएँ आयोजित कीं। हमेशा की तरह, समाचार स्वामी विवेकानन्द के सन्देश को प्रसारित करने के लिए प्रान्तशः गतिविधियों की वृत्तान्त प्रस्तुत करता है।

जीवनव्रतियों के पहले बैच का प्रशिक्षण अगस्त, १९७३ में प्रारम्भ हुआ था। अतः प्रशिक्षण की प्रासंगिकता को केन्द्र में रखकर विवेकानन्द केन्द्र ने अगस्त २०२३ से जुलाई २०२४ तक विशेष प्रशिक्षण वर्ष की योजना बनाई है – अर्थात इस अवधि के दौरान सभी कार्यकर्ताओं का चरण-वार विशेष प्रशिक्षण होगा।

केन्द्र की सभी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए आप सदैव हमारे साथ हैं। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' विषय पर केन्द्रित इस अंक को पढ़ने के बाद, अपने अनुभवों को हमारे साथ साझा करें। हम आपके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और समर्थन की आशा करते हैं।

प्रार्थनाओं के साथ,

सादर,

भानुदास धाक्रस

महासचिव

वसुधैव कुटुम्बकम्

(मानव धर्म अथवा बाज़ार की शक्तियाँ? – चयन हमारा)

- पी. परमेश्वरन्,
(पूर्व अध्यक्ष, विवेकानन्द केन्द्र)

अति प्राचीन काल से इस पवित्र देश भारत में एक भव्य चिन्तन चला आ रहा है और कई शताब्दियों से वह गति भी पकड़ रहा है। यह मात्र चिन्तन ही नहीं, बल्कि एक भाव था जिसका व्यवहार दैनिक जीवन में उस समय तक किया जाता रहा जब तक कि वह संस्कृति एवं सभ्यता में परिणत नहीं हो गया। यह चिन्तन, एक कविमनीषी ऋषि के द्वारा सुप्रसिद्ध संस्कृत सुभाषित के रूप में बहुत ही सुन्दरता से वर्णित किया गया है – "अयं निज परैवेति, ज्ञानना लघु चेतसाम, उदार चरितानाम तु, वसुधैव कुटुम्बकम्" - संकीर्ण दृष्टिवाले मनुष्य संसार को 'मेरा' और 'तुम्हारा' में विभाजित कर देते हैं जबकि उदार-हृदय व्यक्ति सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार - स्वयं के घर के समान मानते हैं। यह कवि की केवल कल्पना मात्र ही नहीं अपितु एक गहन अनुभूति 'सर्वोच्च सत्य' का परिणाम था - **सर्वं खल्विदं ब्रह्म**: - अर्थात् जो कुछ अस्तित्व में है, केवल ब्रह्म ही है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड उस एकमात्र सत्य की ही अभिव्यक्ति है; 'एक' - जो अनेक को अभिव्यक्त करे।

भारत का सम्पूर्ण इतिहास इस अनुभव को प्रत्येक व्यक्ति और समाज के दैनिक जीवन में व्यक्त करने का एक प्रयत्न मात्र है। निश्चित रूप से विविधता और अनेकरूपता भी वहाँ विद्यमान थी, परन्तु आधार रूप में वहाँ एकता ही थी। कहावत है - अनेकता में एकता। यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में, निजी से राष्ट्रीय स्तर तक, प्रतिबिम्बित होती थी। हमारे दूरदर्शी और साहसी पूर्वजों ने इस भव्य अनुभव को केवल भारतीय सीमाओं तक ही सीमित नहीं रखा। मानवता के लिए उनका प्रेम और चिन्ता इतनी गहन थी कि वे इसे विश्व के सुदूर स्थानों तक भी ले गए। एकता का सन्देश व्यवहार और उदाहरण के द्वारा फैलाया गया और विश्व इतिहास में इस तथ्य के साक्ष्य भी विद्यमान हैं। विश्व के प्रत्येक भाग में भारतीय सांस्कृतिक राजदूतों की छाप स्पष्टतः दिखाई देती है और अनुभव की जाती है। सम्भवतः वह इतिहास का अत्यन्त ही भव्य काल रहा होगा।

सत्य के प्रति प्रतिबद्ध अनुसंधानकर्ताओं ने अपने गहन अध्ययन के द्वारा यहाँ तक ज्ञात किया कि यूनानी और रोमन जैसी पश्चिमी सभ्यताओं, यूनानी और लैटिन भाषाओं का जन्म स्थान भारत ही था। तत्पश्चात् वे धीरे-धीरे अन्य महाद्वीपों में फैली तथा उन दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच गईं। ऐसा किसी सैनिक-विजय के द्वारा नहीं हुआ बल्कि एक जीवन्त संस्कृति के शनैः शनैः विस्तार के फलस्वरूप हुआ। परन्तु बाद में पश्चिम के औपनिवेशिक विजेताओं ने इतिहास को पूरी तरह उलट दिया और यह प्रचारित किया गया कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को इस देश में विदेशी आक्रमणकारी विजेताओं द्वारा लाया गया है। लेकिन हमें उन विजेताओं को अकेला छोड़ना होगा, क्योंकि 'सत्य' स्वयं धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से विजेता के रूप में प्रकट हो रहा है और निःसन्देह वह अपनी शक्ति और सच्चाई को स्थापित करके रहेगा।

पश्चिम स्वयं को शेष विश्व से अलग-थलग करते हुए यूनान और रोम के स्वर्णिम दिनों के पश्चात् मध्यकाल के अंधेरे में डूब गया। अन्त में जब वह यूनानी संस्कृति के पुनर्जागरण के झटके से जाग्रत हुआ तब ईसाई मिशनरी

धर्मोत्साह तथा ने साम्राज्यवादी विजय की महत्त्वाकांक्षाओं की प्रेरणा के फलस्वरूप बाहर की ओर देखने लगा। यूरोप के देशों ने शृंखलाबद्ध आक्रमणों द्वारा एशिया और अफ्रीका के महाद्वीपों को जीतना प्रारम्भ कर दिया। विश्व के उन भागों में विद्यमान प्राचीन शान्तिपूर्ण सभ्यताओं का विध्वंस कर, उन्हें भस्मीभूत करने का यह एक योजनाबद्ध प्रयास था। इन विजेताओं द्वारा किया गया 'ध्वंस' इन महाद्वीपों में आज भी दिखाई पड़ रहा है। इस प्रकार के औपनिवेशिक आक्रमणों का मूल कारण वह 'विश्व दृष्टिकोण' है, जिसकी प्रेरणा उन्हें सम्प्रदायवादी और असहिष्णु धार्मिक ग्रन्थों से प्राप्त हुई। यह भारतीय 'विश्व दृष्टिकोण' – **"वसुधैव कुटुम्बकम्"** के पूर्णतया विपरीत है। -

पश्चिम के उपनिवेशों की उत्प्रेरणा के प्रयोजन व्यापार और रिलीजन थे। उनके द्वारा अपनाये गए तरीकों में सैनिक द्वारा विजय प्राप्त करना तथा धूर्तता और धोखे से सफलता प्राप्त करना था। गत तीन-चार शताब्दियों का – तथाकथित आधुनिक इतिहास - इस प्रकार के षड़यंत्रकारी एवं सिद्धान्तहीन विजयों और अन्य देशों की सीमाओं तथा प्रजा को विदेशी सभ्यता द्वारा अपने नियंत्रण में लाने के उदाहरणों से भरा है। इस 'विश्व दृष्टिकोण' के तर्क कौशल को व्यवहार में परिणत कर अन्ततः हमें वर्तमान स्थिति में ले आया गया है, जहाँ 'वैश्विक बाज़ार; के नारे के साथ पश्चिम विश्व के शेष भाग पर छा गया है। सैनिक शक्ति, संगठित धार्मिक उपदेशों, आर्थिक शोषण और बौद्धिक जोड़-तोड़ के द्वारा पश्चिम ने शेष विश्व पर अपना आधिपत्य जमा लिया है। विश्व को वैश्विक बाज़ार में बदल दिया गया है, जो बाज़ार की समस्त ताकरों का संचालन कर, उसके भयानक परिणामों से शेष विश्व को ही नहीं बल्कि स्वयं पश्चिम को भी पीडित-परेशान कर रहा है।

आज मानवता का ध्रुवीकरण 'विश्व-एक परिवार' और 'विश्व-एक बाजार' दो छोरों पर है। घर-परिवार तथा बाज़ार के नियम विस्तृत रूप से अलग-अलग हैं। वे एक-दूसरे से भिन्न ही नहीं बल्कि वास्तव में एक दूसरे के विरुद्ध भी हैं। घर-परिवार को नियंत्रित करनेवाला नियम 'प्रेम' है जबकि बाज़ार 'धूर्तता और प्रतिस्पर्धा' के नियम से संचालित होता है। 'घर-परिवार' भावनाओं की एकरूपता पर निर्मित होता है जबकि बाज़ार का निर्माण प्रतिद्वन्द्वी रुचियों पर होता है। परिवार शान्ति चाहता है, जबकि बाज़ार लाभ (मुनाफा)। घर-परिवार की स्थापना आध्यात्मिक मूल्यों पर होती है जबकि बाज़ार केवल भौतिक मूल्य ही जानता है। घर-परिवार का आधार पारस्परिक सहयोग है, परन्तु बाज़ार में पारस्परिक शोषण ही मान्यता प्राप्त नीति है। बाज़ार एक अश्लील उपभोक्तावाद को बढ़ावा देता है, परन्तु घर-परिवार नियंत्रित व मूल्यआधारित उपयोग को ही बढ़ाता है। आज मानवता के सम्मुख यक्ष-प्रश्न उपस्थित है - इन दोनों में से किस आदर्श का अनुसरण किया जाए? कौन-से 'विश्व दृष्टिकोण' को स्वीकार किया जाए? और किस जीवन-शैली को अपनाया जाए? पश्चिमी प्रयोग को अपनाकर देख लिया गया है और वह अपर्याप्त ही जान पड़ा तथा एक शान्तिपूर्ण और समृद्धिशाली विश्व-व्यवस्था को बनाए रखने में यह पूरी तरह असमर्थ है। मानवता चौराहे पर खड़ी है।

आर्नोल्ड टॉयनबी जैसे पश्चिम के अनेकों विचारकों ने स्पष्ट रूप से इंगित किया है कि केवल पूर्वी तरीका ही है, जो इस पृथ्वी पर शान्ति व सामंजस्य ला सकता है और मानव जाति की सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकता है। आज चयन करना है – **'मानव धर्म'** और **'बाजार की शक्तियों के बीच'** व **'वैश्विक परिवार'** और **'वैश्विक बाज़ार के मध्य'**। इसमें भारतीय दृष्टि बहुत ही स्पष्ट है। हमारे पुनर्जागरण के समस्त पथ-प्रदर्शकों व उनकी विशिष्ट मंडली ने -जिनमें सबसे प्रमुख प्रतिनिधिस्वरूप स्वामी विवेकानन्द हैं - इसकी

शक्तिशाली व्याख्या की है। स्वामीजी ने सौ वर्षों से अधिक पहले सशक्त शब्दों में कहा था, "सम्पूर्ण पश्चिम एक ज्वालामुखी के मुहाने पर खड़ा है जो ५० वर्षों के भीतर-भीतर फूट पड़ेगा और उस समय पश्चिम को बचानेवाला होगा - एकमात्र भारतीय उपनिषदों का सन्देश।" दुर्भाग्यवश उस मसीहा के इस सन्देश को गम्भीरता से नहीं लिया गया और यह ज्वालामुखी अनेक बार फटा है। पश्चिम के निष्कपट बुद्धिजीवी अपनी निराशा प्रकट कर रहे हैं।

एलेनोर स्टार्क ने स्वयं की निराशा को अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द गिफ्ट अनओपन्ड' में इन शब्दों में व्यक्त किया है – **'कोलम्बस ने अमेरिका की भूमि की खोज की थी, परन्तु स्वामी विवेकानन्द ने तो अमेरिका की आत्मा को खोज निकाला।'** स्वामी विवेकानन्द ने 'पेपर ऑन हिन्दुज्म' में सुन्दरता से व्याख्या की है कि 'अमेरिका की आत्मा' से उनका क्या तात्पर्य था, **"हे स्वाधीनता की मातृभूमि कोलम्बिया, तू धन्य है! तूने अपने पड़ोसियों के रक्त से अपना हाथ कभी कलंकित नहीं किया, तूने अपने पड़ोसियों का सर्वस्व अपहरण कर सहज में ही धनी और सम्पन्न होने की चेष्टा नहीं की। अतएव तू ही सभ्य जातियों में अग्रणी होकर शान्ति-पताका फहराने की अधिकारिणी है।"** फिर इतिहास ने विश्व के शीत व प्रत्यक्ष युद्धों के साथ भिन्न मोड़ लिया। अमेरिका जो एक मुक्तिदाता था - स्वयं कमजोर राष्ट्रों का शोषणकर्ता बन गया। प्रजातंत्र और मानव अधिकारों के सद्गुणों को सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें आगे बढ़ाने की अपेक्षा उसने अधिनायकवादी शासन और सैनिक षड़यंत्रकारी दलों को समर्थन देने व उनका परिपोषण करना प्रारम्भ कर दिया। धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक बहुलवाद के स्थान पर अमेरिका स्वयं, ईसाई धर्मोपदेश का प्रचारक और जिहादी कट्टरता का सबसे प्रमुख समर्थक बन गया है। जब ईसाई धर्मोपदेशक और बाज़ारवाद के साथ-साथ धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद अपने भयानक सिर उठा रहे हैं, अराजकता और भ्रांतियां उत्पन्न कर रहे हैं; ऐसी स्थिति में मानवता जीवन के एक वैकल्पिक मार्ग को पाने की आशा की एक किरण के लिए संघर्षरत है। इस संकट के समय भारत को अपनी भूमिका निर्णायक रूप में निभानी है और यह अधिकारपूर्वक कहना है कि 'मानव धर्म' ही, न कि 'बाज़ार की शक्तियाँ' मानवता के अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएगा। परन्तु, इसके लिए, भारत को एक ऐसे प्रतिमान की स्थापना करनी पड़ेगी जिसका अनुकरण सम्पूर्ण विश्व कर सके।

संक्षेप में, समय की यही आवश्यकता है।

चेन्नई में ३ मई को विवेकानन्द केन्द्र के अध्यक्ष माननीय बालकृष्णनजी के जन्मदिन के अवसर पर।

एक झलक

राष्ट्रीय स्तर पर विवेकानन्द केन्द्र के कार्य का अवलोकन

प्रान्त : १५

राज्य : २६

केन्द्र शासित प्रदेश : ४

कुल जिले : ७०४

जिलों में केन्द्र कार्य : २४३

नगर स्थान : ११०

कार्य स्थान : १३५

नियोजित नगर स्थान : १२७

प्रकल्प : ४२

प्रकल्प स्थान : ६४०

संरक्षक : २,६०,७३५

दायित्ववान कार्यकर्ता : ७,३८४

• आर.के.पी.एस. (राष्ट्रीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर) :

• ४७५ प्रतिभागी

• पी. के.पी.एस. (प्रान्त कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर):

• ६९५ प्रतिभागी

• एस.के.पी.एस. (स्थानीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर):

• १,६८५ प्रतिभागी

• कुल : २,८५५ प्रतिभागी

ये संख्याएँ विभिन्न प्रान्तों, राज्यों, जिलों और कार्य-स्थानों में विवेकानन्द केन्द्र की व्यापक पहुँच और भागीदारी का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो इसकी गतिविधियों और पहलों के महत्त्वपूर्ण प्रभाव और पैमाने को दर्शाती हैं।

२०२२-२३ की मुख्य गतिविधियां



विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी ने २०२२ में अपने ५१वें वर्ष में प्रवेश किया और यह महत्त्वपूर्ण वर्ष कई ऐसे आयोजनों का प्रतीक है जो इसके प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द के दृष्टिकोण और इसके संस्थापक मनानीय एकनाथजी रानडे के मिशन को सुदृढ़ करते हैं।

विवेकानन्द केन्द्र के कार्यकर्ता **"मनुष्य निर्माण और राष्ट्र पुनरुत्थान"** के अपने कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिवर्ष प्रयत्न करते हैं।

केन्द्र के कार्य के तेजी से विस्तार की दृष्टि से सबसे महत्त्वपूर्ण घटना राजस्थान, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में यात्राओं का आयोजन था।

राजस्थान में, विवेकानन्द केन्द्र के ५० वर्ष और भारत की स्वतंत्रता के ७५ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, ५० दिवसीय **"विवेकानन्द सन्देश यात्रा"** निकाली गई और स्वामी विवेकानन्द की खड़ी मूर्ति से सजे रथ के साथ लगभग ५० केन्द्र कार्यकर्ताओं

की टीम राजस्थान के सभी ३३ जिलों में गई। इस अनूठी पहल को केन्द्र सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय और कई समान विचारधारावाले संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ।

यात्रा को १९ नवम्बर, २०२२ को भारत के उपराष्ट्रपति महामहीम जगदीप धनखड़ तथा विवेकानन्द केन्द्र के अध्यक्ष माननीय बालाकृष्णनजी ने खेतड़ी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा ७ जनवरी, २०२३ को जोधपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विवेकानन्द

केन्द्र की उपाध्यक्ष माननीय निवेदिता भिड़े की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

उत्तर प्रदेश द्वारा १२ जनवरी, २०२३ से ११ दिनों की **"विवेकानन्द सन्देश यात्रा"** निकाली गई और उत्तर प्रदेश के २० जिलों में यह रथयात्रा पहुँची।

ओडिशा प्रान्त ने २७ दिनों में ओडिशा के २० जिलों में **"उठो जागो - अमृत महोत्सव यात्रा"** का आयोजन किया।

यह यात्रा २५ दिसम्बर, २०२२ को भुवनेश्वर से शुरू हुई थी, जिसे श्रीमत स्वामी आत्मप्रभानन्दजी, अध्यक्ष, रामकृष्ण मठ, भुवनेश्वर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सार्वजनिक बैठकों और रैलियों में ६००० से अधिक लोग सहभागी हुए और ५५ महाविद्यालयों के लगभग ५००० छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

महाराष्ट्र प्रान्त ने कन्याकुमारी में **"युवा नेतृत्व विकास शिविर"** का आयोजन किया जिसमें ९४० युवा सम्मिलित हुए। इस युवा शिविर की तैयारी ६ महीने से अधिक समय तक चली, जिसकी शुरुआत स्वराज के ७५वें वर्ष पर एक परीक्षा से हुई। इस परीक्षा में ८१०० युवाओं ने भाग लिया। इसके बाद चयनित २३०० युवाओं के लिए ३१ एक दिवसीय शिविर लगाए गए। केन्द्र वर्ग और स्वाध्याय वर्ग के १२ सप्ताह के बाद अन्ततः कन्याकुमारी में आयोजित शिविर के लिए ९४० युवाओं का चयन हुआ।

"योग शास्त्र संगमम्" – विवेकानन्द केन्द्र ने २४ से २६ फरवरी, २०२३ की अवधि में विवेकानन्दपुरम, कन्याकुमारी में छठवीं अन्तर्राष्ट्रीय योग शास्त्र संगमम् का आयोजन किया। भारत क १६ राज्यों, सिंगापुर, बाली और अफगानिस्तान से २१२ पुरुषों और २०७ महिलाओं सहित कुल ४१९ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान ५ पूर्ण सत्र और ११ समानान्तर सत्र आयोजित किये गए। पी-एच.डी. शोधार्थियों, छात्रों, प्रोफेसरों, योग शिक्षक, योग चिकित्सक और योग सलाहकार द्वारा ११५ शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। २४ और २५ फरवरी को "योग शास्त्र संगमम्" में वाराणसी से **१२७ वर्षीय स्वामी शिवानन्द बाबाजी**, जो कि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हैं, विशेष रूप से उपस्थित थे। उनकी दिव्य उपस्थिति और योगिक जीवन-शैली हर किसी के लिए प्रेरणा और आशीर्वाद स्वरूप रही। जीवित योगी की उपस्थिति योगशास्त्र का एक अनुपम उदाहरण है। उद्घाटन सत्र के दौरान सम्मेलन की कार्यवाही का विवरण देनेवाली पुस्तक का विमोचन किया गया।

जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने तीसरा **"राष्ट्रीय जल पुरस्कार"** विवेकानन्द केन्द्र – नारडेप के "रामेश्वरम् में पारम्परिक जल निकायों को पुनर्जीवित और नवीनीकृत करने" के कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ एनजीओ श्रेणी में दूसरा पुरस्कार प्रदान किया।

अखिल भारतीय अधिकारी बैठक – २०२३

१०, ११ व १२ फरवरी, २०२३ को सोमनाथ, गुजरात में सम्पन्न

नियमित गतिविधियां

वर्ग

विवेकानन्द केन्द्र के प्रत्येक शाखा केन्द्र में सामान्यतः निम्नलिखित गतिविधियाँ नियमित रूप से होती हैं - केन्द्र वर्ग, योग वर्ग, संस्कार वर्ग और स्वाध्याय वर्ग। ये गतिविधियां कार्यकर्ताओं, शुभचिन्तकों और सामान्य-जनों से मिलने, उनसे बातचीत करने और परस्पर सम्बन्धों और संगठनों को मजबूत करने की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण अवसर है। ये गतिविधियाँ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के साधन के रूप में भी काम करती हैं।

केन्द्र वर्ग : यह एक साप्ताहिक वर्ग है। यह सभी कार्यकर्ताओं और हर आयुवर्ग की सामान्य जनता सहभागी होते हैं। २०२२-२०२३ के दौरान १४२ केन्द्र वर्गों में २,५०६ से अधिक लोग सहभागी हुए।

योग वर्ग : यह दैनिक और सबसे लोकप्रिय वर्ग है तथा आम जनता के लिए विवेकानन्द केन्द्र से जुड़ने के सर्वोत्तम स्रोतों में से एक है। एक से डेढ़ घंटे के इस सत्र में योगाभ्यास और इंटरैक्टिव सत्र होते हैं। गत वर्ष ५३२ योग वर्गों में ७,५२९ से अधिक लोग सहभागी हुए।

संस्कार वर्ग : जीवन-मूल्यों की नींव पर आधारित बच्चों के वास्तविक व्यक्तित्व विकास हेतु चलनेवाला यह एक साप्ताहिक वर्ग है। संस्कार वर्ग का आयोजन अधिकतर मैदानों में होता है। इसमें कहानियों, खेलों और गीतों के माध्यम से बच्चे जुड़ते हैं। संस्कार वर्ग के माध्यम से उनमें मानवता, अनुशासन, देशभक्ति, धार्मिक मूल्यों आदि गुणों का सिंचन किया जाता है। वर्ष २०२२-२३ के दौरान,

पूरे भारत में ७६१ संस्कार वर्गों में १५,९१६ विद्यार्थियों ने भाग लिया।

स्वाध्याय वर्ग : समसामयिक एवं महत्त्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर बौद्धिक चर्चा की यह साप्ताहिक गतिविधि है। सामान्यतः इसमें महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवा प्रतिभागी शामिल होते हैं। पिछले वर्ष पूरे भारत में १४२ स्वाध्याय वर्गों में १,९०१ लोग सहभागी हुए।

उत्सव

गुरु पूर्णिमा
- कार्यक्रमों की संख्या : ७४२
- उपस्थित लोगों की संख्या : ४०,४७१

विश्व बंधुत्व दिवस
- कार्यक्रमों की संख्या : ७३२
- उपस्थित लोगों की संख्या : ५५,६९७

साधना दिवस
- कार्यक्रमों की संख्या : ४१९
- उपस्थित लोगों की संख्या : ३३,८३४

गीता जयन्ती
- कार्यक्रमों की संख्या : ३७९
- उपस्थित लोगों की संख्या : ३०,३२१

समर्थ भारत पर्व
- कार्यक्रमों की संख्या : १,२७१
- उपस्थित लोगों की संख्या : १,३२,२६९

ओडिशा प्रान्त

स्वाध्याय प्रतियोगिता

स्कूल :

- सम्पर्कित स्कूल : १,१३०
- सहभागिता : १,३४७
- पंजीकृत छात्र : ३५,६८४
- प्रतिभागी छात्र : ३०,७२६
- कार्यशालाओं की संख्या : ८९
- कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों की संख्या : ५,१०९

कॉलेज :

- सम्पर्कित महाविद्यालय : १,८३७
- सहभागिता : १,७३८
- पंजीकृत छात्र : ४७,५०७
- सहभागी युवा विद्यार्थी : ३५,२८०
- कार्यशालाओं की संख्या : २३९
- कार्यशाला में युवा विद्यार्थियों की संख्या : १०,६५९

कार्यशाला, उत्तर प्रदेश

भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने विवेकानन्द शिला स्मारक का दर्शन किया।



C-20 में विवेकानन्द केन्द्र

दिसम्बर, २०२२ से नवम्बर, २०२३ तक भारत के पास जी-20 की अध्यक्षता रहेगी।

विवेकानन्द केन्द्र इसके एक कार्यक्षेत्र – 'सिविल सोसायटी 20', संक्षेप में सी20 में संस्थागत भागीदार है।

भारत ने जी20 के लिए जो थीम **'वसुधैव कुटुम्बकम्'** अथवा **'• एक पृथ्वी • एक परिवार • एक भविष्य'** रखी है, वह हमारी भूमिका को बहुत स्पष्ट करती है। केन्द्र ने – "वसुधैव कुटुम्बकम्" (मई, २०२३) और "विविधता, समावेश, पारस्परिक सम्मान" (जून, २०२३) विषयों पर दो अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किए। लगभग सभी राज्यों में विभिन्न संगठनों और संस्थानों को सम्मिलित करके विभिन्न चौपाल, समाजशालाएं आदि आयोजित की जा रही हैं।

अवधारणा पत्रक

विविधता, समावेश और पारस्परिक सम्मान

प्रकृति ने हर प्राणी को एक अनूठी, लेकिन बहुआयामी पहचान प्रदान की है। यह विशिष्टता ऊर्जा के विविधता युक्त सतत रूपान्तरण की अनुमति देती है। इसलिए, विविधता प्रकृति प्रदत्त है, चाहे वह पौधों, प्राणियों, भौगोलिक विशेषताओं, सौर मण्डल, आकाशगंगाओं आदि के सम्बन्ध में हो। विविधता के बिना जीवन को बनाए रखना सम्भव नहीं है। विविधता अपरिहार्य है, अतः जब इसके अन्तर्निहित सम्बन्धों को समझा जाता है, तो यह संतुलन और सामंजस्य की ओर ले जाता है। प्राचीन भारतीय ज्ञान और कई अन्य सभ्यताओं में, यह हमेशा उस एक को देखने के लिए प्रतिपादित किया गया था जो सभी में प्रकट होता है। कहा जाता है – **"एकं सत् विप्राः बहुधा वदन्ति"** - सत्य एक है, वह अनेक रूपों में प्रकट होता है। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड देवत्व की अभिव्यक्ति है, और इसलिए, परस्पर जुड़ा हुआ है, परस्पर सम्बन्धित और अन्योन्याश्रित है। इस अन्तर्संबम्ध, अन्तर-सम्बंधितता और अस्तित्व की अन्योन्याश्रितता को विज्ञान (फ्रिटजॉफ कैप्रा लिखित टर्निंग प्वाइन्ट), पारिस्थितिकी और कोशिकीय जीव विज्ञान (लिप्टन एच ब्रूस लिखित बायोलॉजी ऑफ बिलीफ) में तेजी से अनुभव किया जाता रहा है।

प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति को **"अमृतस्यपुत्र"** - ईश्वर की अभिव्यक्ति के रूप में

अभिव्यक्त करता है। प्रत्येक मनुष्य मूलतः अच्छा है और अनतर्निहित ज्ञान के साथ जन्म लेता है जिसे आज के शैक्षिक दर्शन (मोनटेसरी शिक्षा दर्शन) में स्वीकार किया जाता है। चाहे वह विधि (कानूनों) और विनियमों के माध्यम से हो या सामाजिक प्रथाओं और सांस्कृतिक मूल्यों के, सभी अनुशासन और ढालने का मूल ध्येय, एक व्यक्ति में अन्तर्निहित इस आवश्यक अच्छाई को, ज्ञान को बाहर लाना है। इसका उद्देश्य उन सम्बन्धों को मजबूत करना भी है जो एक मनुष्य का अपने परिवार, क्षेत्र, समुदाय, समाज, संस्कृति और प्रकृति से होता है क्योंकि पूरा ब्रह्माण्ड आपस में जुड़ा हुआ है, एक दूसरे से सम्बन्धित है और अन्योन्याश्रित है (फ्रिटजॉफ कैपरा लिखित वेब ऑफ लाइफ)। प्रकृति विविध सम्बन्धों के माध्यम से अपनी रचना के पोषण और संरक्षण का विचार रखती है, अतः उन्हें केवल सतही 'स्टैन्ड अलोन' दृष्टिकोण तक सीमित नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी भाग पूर्णतः एकीकृत है।

इस प्रकार, मानव मन की जटिलताओं, आवश्यकताओं और विशिष्टता को अभिव्यक्त करने के लिए विभिन्न समाजों में जीवन की विभिन्न प्रणालियों के माध्यम से विविधता का विस्तार और अभिव्यक्त किया जाता है। यह शरीर की जैविक सीमाओं से परे है, उदाहरणतः आस्था की विविधता, धर्मों और जीवन जीने के तरीके, परम्पराएं, ज्ञान प्रणालियां, विचारधाराएं, दर्शन, भाषाएं, रंग, लिंग, व्यवहार, विचारों, अवधारणाओं, जटिल विषयों को हल करने के तरीकों की विविधता, सभ्यतागत मूल्यों के समावेश के लिए आर्थिक आदेश और पद्धति बनाना आदि। विविधता केवल समकालीन समय में निर्मित स्थिरता का सिद्धान्त नहीं है, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के अस्तित्व का परम सत्य है। दुनिया में मानव सभ्यता और इसकी स्थिरता अस्तित्व की एकता के आधार पर इस विविधता को समझने और स्वीकार करने पर निर्भर करती है, और इसलिए पारस्परिक रूप से अपने सभ्यतागत मूल्यों को जीने, व्यक्त करने और अभ्यास करने के प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार का सम्मान करती है। जब तक अस्तित्व की एकता को आत्मसात नहीं किया जाता, तब तक पारस्परिक सम्मान के साथ विविधता की स्वीकृति सम्भव नहीं है।

राजनीतिक शक्ति के अति केन्द्रीकरण के कारण, दुर्भाग्य से, विविधता को एक लचीले समरूप अस्तित्व के लिए बाधा के रूप में देखा गया है। इसलिए, सर्वोच्चता और व्यक्तिवाद की भावना से प्रेरित एकरूपता की खोज में कृत्रिम, बाहरी नियमों को अपनाने की प्रवृत्ति बन गई। दुनिया पिछली शताब्दियों में उन लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर औपनिवेशीकरण का शिकार रही है, जो सत्य और सांस्कृतिक रूढ़िवाद के एकान्तिक दावों के साथ नस्लीय वर्चस्व के विचारों से प्रेरित थे। अति-केन्द्रीकरण और विचारों, आस्थाओं के संघर्ष के दौर ने समय के साथ कई परम्पराओं, भाषाओं को नष्ट कर दिया, और लोगों की विभिन्न पहचानों (पंथ, रंग, लिंग या विश्वास) को नकारा। इसने मानव जीवन और मानव सभ्यता दोनों को कमजोर किया है।

जिस प्रकार जैव-विविधता प्रकृति को समृद्ध, संतुलित और संरक्षित करती है, उसी प्रकार परम्पराओं, भाषाओं, परमात्मा के आह्वान के तरीकों, आन्तरिक अस्तित्व को गहरा करने के तरीकों की विविधता मानव जीवन को समृद्ध करती है तथा इसे और विकसित करने में मदद करती है। विविधता को मिटाने या जीवन की कृत्रिमता और गैर-टिकाऊ विकास से मतभेद रखनेवाले लोगों की उपेक्षा करने के जबरदस्त प्रयास शुरू हैं। एकरूपता की चाह में कुछ लोग दमन और विभिन्न तरीकों से मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं तथा मनुष्य और उसके पर्यावरण के बीच के सम्बन्धों को प्रभावित करनेवाली गहरी विकृतियों का कारण बनते हैं। 'विकास' की प्रक्रिया और संसार को एक समान बनाने की हड़बड़ी में दूसरों पर अपनी समझ थोपने की अपरिपक्वता ने कई समुदायों को पीछे छोड़ दिया है। कुछ का शोषण किया गया और उनका

उपहास उड़ाया गया, साथ ही पर्यावरण को भी बर्बाद किया गया।

कई लोग तर्क देते हैं कि संघर्ष-मुक्त मानव समाज के लिए प्रणालियों, परम्पराओं, धर्म, विकास के तरीकों की एकरूपता सम्बन्धी कुछ आदेश आवश्यक है। और उस एकरूपता को एक कृत्रिम नियमन द्वारा लाया जाना चाहिए, यहाँ तक कि थोपने और विशिष्टता के माध्यम से भी। किन्तु इतिहास हमें बताता है कि यह सच नहीं है, यह अक्सर संघर्ष की ओर ले जाता है, और सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित करता है।

इसलिए आज सरकारी स्तर पर विभिन्न रियायतों और कानूनी सहायता के माध्यम से उपेक्षित लोगों को जगह देने और पीछे रह गए लोगों की सहायता करने के विचार से विविधता, निष्पक्षता और समावेशन पर बहुत आवश्यक जोर राजनीतिक रूप से आवश्यक है। लेकिन इस अवधि में, इस दृष्टिकोण ने विविधता और समावेशन को लैंगिक अभिविन्यास तक या पिछड़े समुदायों के लिए कुछ आर्थिक लाभों तक सीमित कर दिया है। चुनावी प्रक्रिया के अति-व्यावसायीकरण और राजनीतिकरण ने बहिष्कार और शत्रुता की वृद्धि की है। अपनी परम्पराओं का पालन करने का अधिकार, परिवार, समुदाय और पर्यावरण के हिस्से के रूप में जीने का अधिकार और न केवल व्यक्तियों के रूप में रहने का अधिकार, बल्कि समुदायों के अपने सांस्कृतिक लोकाचार के अनुसार तरीकों को अपनाने के अधिकार जैसे कई व्यक्तियों के अधिकारों को जबरदस्ती समाप्त कर दिया जाता है।

सभी के अधिकारों को ध्यान में रखने के लिए, एक अधिक आन्तरिक, गहन और आध्यात्मिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। खुले मन से एकता की समझ की आवश्यकता है। संक्षेप में, परस्पर सम्मान की आवश्यकता है। सम्मान के साथ जीने का अधिकार, सुने जाने का अधिकार, अपनी परम्पराओं का पालन करने का अधिकार और अपने विश्वासों का पालन करने का अधिकार, अपने उत्थान और अधिकार के लिए सभी अवसरों तक पहुँच का अधिकार सहित विकास-प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए, सभी विविध संस्थाओं के लिए जीवन के अधिकार को स्वीकार करना और सम्मान करना अनिवार्य है। यह सुनिश्चित करना सम्बन्धित सरकारों और विभिन्न शक्ति केन्द्रों की जिम्मेदारी है कि उपरोक्त अधिकार निर्विवाद बने रहें।
पिछले कुछ वर्षों से, C20 ने इस एजेंडे को व्यक्तिगत स्तर पर G20 की सरकारों तक ले जाने के लिए अचूक रूप से काम किया है। लेकिन आवश्यकता एक राष्ट्र में सामाजिक स्तर पर विविधता और समावेशन को पहचानने की भी है, और अन्तर्राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर विविध मार्गों और दृष्टिकोणों के समावेश की भी है। इस प्रकार, 'विविधता, समानता, समावेश' विषय पर और अधिक गहन चर्चा और इसके अनुप्रयोग को बढ़ाने के लिए जो प्रारम्भिक विचार था, उस पर चर्चा और बहस करने की आवश्यकता है। यदि समावेशन को प्रभावी बनाना है तो उसमें सहभागिता निहित है, इसलिए चुना गया विषय विविधता, समावेश, परस्पर सम्मान है।

"विविधता, समावेशन और परस्पर सम्मान" का सी-20 कार्यकारी समूह, संसार की इस विशिष्टता को बनाए रखने के लिए काम कर रहे हितधारकों, संगठनों, व्यक्तियों, नागरिक समाजों का एक मंच होगा। साथ ही भारत के दूरस्थ भागों में रह रहे और संसार के अन्य पारम्परिक समुदायों को स्वर देने का काम करेगा, जो अपने पर्यावरण, भौतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं के अनुरूप अद्वितीय तंत्र के साथ सतत विकास हेतु प्रयत्नशील हैं।

सी20 समूह निम्नलिखित मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों को स्वीकार करने, सम्मान करने, अपनाने और सिफारिश करने की आवश्यकता पर आगे शोध और व्याख्या करेगा।

१. विविधता और उन लोगों का समावेश जो दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों में पैदा हुए हैं या विकास की प्रक्रिया में पीछे रह गए हैं। इसमें शारीरिक और मानसिक

अक्षमतावाले लोग, या जन्म से मध्यलिंगी व्यक्ति, आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्ति आदि शामिल होंगे।

२. जो व्यक्ति स्त्री और पुरुष दोनों नहीं हैं या जो ट्रांसजेन्डर आदि हैं, उन्हें समाज में सम्मान के साथ जीने की जरूरत है। तदनुसार, यह मुद्दा अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यधारा के संवाद का हिस्सा है और कई उपायों को अपनाया जा रहा है। लेकिन अनुचित व्यावसायीकरण भी है जो अपने शरीर को बदलने के लिए अपरिवर्तनीय सर्जरी से गुजरनेवाले बच्चों के साथ चरम पर जा रहा है। इस मुद्दे पर चर्चा करने की आवश्यकता है, ताकि स्वस्थ वातावरण के विकास के लिए बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

३. समुदायों की आस्था और सांस्कृतिक परम्पराओं के प्रति परस्पर सम्मान की आवश्यकता है, जिन्हें दुर्भाग्य से, अब तक पिछड़ा, पुरातन और इससे भी बदतर मिथ्या और बुराई के रूप में उपहासित किया जाता था। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने भी इस विश्व-दृष्टिकोण को मुख्य रूप से साझा किया है।

इन नए दृष्टिकोणों को, सतत विकास के निर्माण के लिए संस्कृति की भूमिका को जीवन-मूल्यों की पद्धति तथा एक संसाधन और ढांचे के रूप में पूरी तरह से स्वीकार करना चाहिए; साथ ही, हम संस्कृति की समझ को अंगीकार करते हैं जो अधिकार-आधारित दृष्टिकोण और विविधता के सम्मान के लिए खुला, विकसित और दृढ़ता से तैयार है, जिसके लिए व्यक्तियों को "जीने और वह बनने के लिए जो वे बनना चाहते हैं" सक्षम बनाएं, इस प्रकार आपसी समझ और आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हुए, लोगों के अवसर और मानवीय क्षमताएं बढ़ाएं। लेकिन जो आवश्यक है वह न केवल सांस्कृतिक मूल्यों की भूमिका को स्वीकार करना है बल्कि पारम्परिक समुदायों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना भी है। या दूसरे शब्दों में जनजाति (आदिवासी) और अन्य वंचित समुदायों की सांस्कृतिक आस्था और परम्पराओं की रक्षा करना।

४. विश्व भर में देशी परम्पराओं का सम्मान करना और उनकी स्वीकार्यता में भी विविधता, समानता और समावेश के सिद्धान्तों को लागू करना।

५. विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समुदायों द्वारा अपनी समस्याओं को हल करने के लिए अपनाए गए तरीकों का सम्मान करना और उनकी परम्पराओं के आलोक में मानवाधिकार आदि शब्दों की व्याख्या करना। आज, मानवाधिकारों पर विमर्श झुका हुआ है और इस प्रकार, गरिमा के अधिकार और पीड़ितों के जीवन के अधिकार से अधिक महत्त्व आतंकवादियों या बलात्कारियों के अधिकार को दिया जाता है। पाठ्यक्रम में सुधार की आवश्यकता है। प्रत्येक देश का अपनी सांस्कृतिक परम्परा के आधार पर मानवाधिकारों के मुद्दे से निपटने का अपना तरीका होता है। मानवाधिकार नियमों का एक समान अनुप्रयोग (या बल्कि नुस्खा) नहीं होना चाहिए। उदाहरण के लिए, वर्तमान में मानव अधिकार का मुद्दा मनुष्य को केवल एक व्यक्ति के रूप में देखता है और उसके परिवार, समाज, प्रकृति आदि के प्रति उसके सम्बन्ध और जिम्मेदारी को ध्यान में नहीं रखता है। कई गैर-पश्चिमी समाज आज भी सम्बन्ध-आधारित हैं और वह अनुबंध-आधारित नहीं हैं। इस प्रकार, विभिन्न सभ्यताओं द्वारा मानवाधिकारों के मुद्दों से निपटने के विभिन्न तरीकों के प्रति सम्मान होना चाहिए। २००५ में पहली बार G20 के नेताओं द्वारा विकास के लिए विविध दृष्टिकोण को मान्यता दी गई थी।

C20 समूह विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों को स्वीकार करने, उनका सम्मान करने, अपनाने और अनुशंसा करने की आवश्यकता का पता लगाएगा और उसका प्रतिपादन करेगा। सभी चुनौतियों से निपटने के लिए एक ही प्रकार का मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। दुनियाभर के हितधारकों को एक साथ लाकर, स्थानीय आवश्यकताओं, संस्कृति और संसाधनों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, कार्य समूह लचीलेपन और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है।

विवेकानन्द केन्द्र की परियोजनाओं (प्रकल्पों) का अवलोकन

इन परियोजनाओं को उनके प्रमुख क्षेत्रों के अनुसार, पाँच शीर्षकों के अन्तर्गत समूहीकृत किया गया है। ये हैं :- स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण विकास, भारतीय संस्कृति, प्रकाशन और शिक्षा।

स्वास्थ्य सेवा

देशभर में व्यापक रूप से विस्तारित स्वास्थ्य सेवा ३०८ गांवों में २,६०,४६६ लोगों को लाभान्वित कर रही है।
इस गतिविधि में २९७ से अधिक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहभागी हैं।

विवेकानन्द केन्द्र – बी.ओ.आर.एल. अस्पताल, बीना, मध्य प्रदेश (स्थापना-२००८)

विवेकानन्द केन्द्र - एन.आर.एल., असम

विवेकानन्द केन्द्र अस्पताल, पारादीप, ओडिशा (स्थापना २०१२)

वि.के.-एन.आर.एल. द्वारा मोबाइल मेडिकल कैम्प, नुमालीगढ़, असम

चिकित्सा शिविर, सम्बलपुर, ओडिशा

स्वास्थ्य सेवा, वि.के. अरुण ज्योति, अरुणाचल प्रदेश

देशभर में व्यापक रूप से विस्तारित स्वास्थ्य सेवा ३०८ गांवों में २,६०,४६६ लोगों को लाभान्वित कर रही है। इस गतिविधि में २९७ से अधिक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहभागी हैं।

विवेकानन्द केन्द्र अपने स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत समाज को स्वास्थ्य सम्बन्धी सेवाएं देने के लिए अस्पताल, ओपीडी क्लीनिक और अन्य सहायक कार्यक्रम चलाता है। वर्तमान में, ३ अस्पताल, २ ओपीडी क्लीनिक और ५ कार्यक्रम विवेकानन्द केन्द्र की परियोजनाओं के अन्तर्गत हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदान करनेवाले अस्पतालों, ओपीडी क्लीनिकों और विवेकानन्द केन्द्र से जुड़े कार्यक्रमों की सूची निम्नलिखित हैं :-

अस्पताल

१. वि.के.-एन.आर.एल.एच., नुमालीगढ़, असम
२. वि.के.-बी.आर.एच., बीना, मध्य प्रान्त
३. वि.के.-पी.आर.एम.एस., पारादीप, ओडिशा

ओपीडी क्लीनिक :

१. स्वास्थ्य सेवा केन्द्र, तिनसुकिया, असम
२. विवेकानन्द मेसोनिक डिस्पेन्सरी, विवेकानन्दपुरम, कन्याकुमारी

कार्यक्रम :

१. अरुण ज्योति प्रकल्प, अरुणाचल प्रदेश
२. वि.के. ग्रामीण विकास कार्यक्रम, तुतुकुडी, कन्याकुमारी
३. वि.के. प्रशिक्षण एवं सेवा प्रकल्प, पिम्पलद, नासिक
४. विवेकानन्द केन्द्र ओडिशा सेवा प्रकल्प
५. विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी, शाखा कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

इन प्रकल्पों के माध्यम से सेवा प्राप्त गांवों की कुल संख्या ३०८ है, जिसमें कुल लाभार्थियों की संख्या २,६०,४६६ है। इसके अतिरिक्त, इन प्रकल्पों में सक्रियता से २९७ कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्यरत हैं।

ग्रामीण विकास

"ग्राम विकास प्रकल्प" का कार्य देश के ५ राज्यों, यथा - तमिलनाडु, महाराष्ट्र, ओडिशा, असम और अरुणाचल प्रदेश में गतिमान है। इस सेवा प्रकल्प में ३८६ गांव और २२ जनजातियाँ शामिल हैं। कुल ४१५ कार्यकर्ताओं में ८ जीवनव्रती, ३ वानप्रस्थी, ७ सेवाव्रती, ५८ स्थानिक कार्यकर्ता, १६८ कर्मचारी और १७१ सहायक कर्मचारी कार्यरत हैं।

इस प्रकल्प के अन्तर्गत शैक्षिक गतिविधियाँ – बालवाड़ी, विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इसके संस्कृति मंच के अन्तर्गत महिलाओं के लिए दीप पूजा और बच्चों के लिए संस्कार वर्ग का आयोजन किया जाता है।

युवाओं के लिए – युवा प्रेरणा शिविर, कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर, स्वाध्याय वर्ग, योग सत्र, व्यक्तित्व विकास शिविर, अरुण ज्योति चमू निर्माण शिविर और परशुराम कुण्ड मेला का आयोजन किया जाता है। विवेकानन्द केन्द्र के सभी पांच उत्सव - स्वामी विवेकानन्द जयन्ती, गुरु पूर्णिमा, विश्व बन्धुत्व दिवस, साधना दिवस और गीता जयन्ती आयोजित किये जाते हैं।

विवेकानन्द केन्द्र समाचार – २०२२ -२०२३

२०२२-२३ में, स्थानीय लोगों की अच्छी भागीदारी के साथ आम्बेडकर जयन्ती, बिरसा मुंडा जयन्ती, पारम्परिक नृत्य और नाट्य प्रतियोगिता, रक्षा बंधन, ग्रीटिंग्स कार्ड वितरण, गणेश मूर्ति निर्मिती और पतंग निर्मिती जैसे कई स्थानिक उत्सव भी आयोजित किए गए।

"यदि भारत जागेगा, तो समूचा संसार जागेगा। जागो!" - स्वामी विवेकानन्द

वि.के.-एन.ए.आर.डी.ई.पी.
(विवेकानन्द केन्द्र - प्राकृतिक संसाधन विकास परियोजना, कन्याकुमारी)

वि.के.-एन.ए.आर.डी.ई.पी. पारम्परिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान को जोड़ता है तथा आधुनिक जीवन की समस्याओं के लिए लाभदायी समग्र समाधान का विकल्प प्रदान करता है - विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों के लिए। यह लाभदायक प्रभावी-निर्माण, समग्र स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, टिकाऊ कृषि, जल प्रबंधन और आन्तरिक स्थिरता के क्षेत्र में काम करता है। और ये सभी विविध क्षेत्र सतत विकास की अवधारणा की इसकी केन्द्रीय धुरी से जुड़े हुए हैं।

- जल निकायों का पुनरुद्धार और नवीकर – संख्या ६
- टैरेस गार्डन पर प्रशिक्षण- संख्या ३
- एज़ोला प्रौद्योगिकी विषयक प्रशिक्षण – संख्या ९
- वर्मी वॉश एवं कॉम्पैक्ट तकनीक विषयक प्रशिक्षण- संख्या ५९
- ग्रीन हेल्थ होम- १४३३ रोगी लाभान्वित

- वर्मा मसाज, वर्मा प्वाइन्ट उपचार – ६२२ रोगी लाभान्वित
- 'सिद्ध वर्मा अस्थि स्थापना' पर कार्यशाला – ४ कार्यक्रम, ११९ रोगी
- "जड़ी-बूटियों के पारम्परिक और वैज्ञानिक ज्ञान" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी – ५४ संख्याएँ
- "शक्ति सुरभि बायो-मेटनेशन प्लान्ट" पर प्रशिक्षण- ९ कार्यक्रम, १२१ प्रतिभागी
- 'रसोई अपशिष्ट आधारित बायो-मिथेनेशन प्लान्ट' विषयक जागरूकता- १५,४६१ प्रतिभागी
- शक्ति सुरभि संयंत्रों की स्थापना – १४९ संयंत्र स्थापित।
- 'टिकाऊ विकास' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम – १६
- 'सांस्कृतिक नेतृत्व कार्यक्रम' – २७ प्रतिभागी
- कृषि प्रौद्योगिकियों के लिए ए.टी.एम.ए. प्रशिक्षण – ५ कार्यक्रम, १६० प्रतिभागी
- रामेश्वरम स्वयंसेवकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स) – संख्या ४७
- संकाय विकास कार्यक्रम – संख्या २५
- शैक्षणिक सहल – ८ कार्यक्रम, संख्या ४८१

भारतीय संस्कृति

विवेकानन्द केन्द्र के पांच संस्थान भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं – वि.के.-ए.आई.सी.वाई.ए.एम. (भारतीय संस्कृति, योग और प्रबंधन अकादमी) भुवनेश्वर, वि.के.आई.सी. (विवेकानन्द केन्द्र संस्कृति संस्थान) गुवाहाटी, वि.आई.एफ. (विवेकानन्द इन्टरनेशनल फाउंडेशन) नई दिल्ली, वि.के.- वी.वी.एफ. (विवेकानन्द केन्द्र-वैदिक विजन फाउंडेशन), कुडुंगल्लूर और वि.के.-वयम (विवेकानन्द केन्द्र – वेदान्तिक अप्लीकेशन इन योगा एंड मैनेजमेन्ट) सोलापुर।

इन संस्थानों में भारतीय संस्कृति के सार को व्यवस्थित तरीके से प्रचारित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं – अर्थात् जीवन-दर्शन, जीवन-मूल्य और जीवन-व्यवस्था।

वि.के.-वि.वि.एफ.
(विवेकानन्द केन्द्र-वैदिक विजन फाउंडेशन), कुडुंगल्लूर

संगोष्ठी

• २९ सितम्बर, २०२२ - 'दैनिक जीवन में धर्म' विषय पर गणमान्य व्यक्तियों की वार्ता
• २१ जून, २०२२ - स्वामी तेजस्वरूपानन्दजी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सम्बोधन
• १ अक्टूबर, २०२२ - स्वामी उदित चैतन्यजी द्वारा 'अमृत परिवार' पर वक्तृता

• प्रकाशित पुस्तकें : भगवद् गीतायिले अमृता कुटुम्बा संकल्पम (मलयालम) • जीवितम् ओरु आध्यात्मिक साधना (मलयालम)

वि.के.-ए.आई.सी.वाई.ए.एम.
(भारतीय संस्कृति, योग और प्रबंधन अकादमी), भुवनेश्वर

सेमिनार

•१४ जनवरी, २०२३ - योग शास्त्र पर राष्ट्रीय संगोष्ठी
•पेपर प्रस्तुति – २६ ; प्रतिभागी – ५४
•१५ जनवरी, २०२३ - भारतीय शास्त्रों पर आधारित भारतीय प्रबंधन विषयक सम्मेलन
•सम-सामयिक प्रबंधन में नेतृत्व की चुनौतियों पर उद्बोधन
•नैतिक संघर्ष प्रबंधन, एक नेता की दुविधा – द्वारा डॉ. अशोक महापात्रा
•संगठन में आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश – द्वारा मा. निवेदिता भिडे
• विभिन्न व्यावसायिक, कॉर्पोरेट और शैक्षणिक क्षेत्र के ६७ नागरिक सहभागी हुए।
• १९ नवम्बर, २०२२ – पारम्परिक समुदायों के आई.पी. अधिकारों के दोहन पर चर्चा – द्वारा डॉ. संतोष मोहंती, टी.सी.एस. के पूर्व उपाध्यक्ष और आई.पी.आर. वैश्विक प्रमुख।

• ११ और १२ जनवरी, २०२३ - जनजाति समुदाय में लोककथाओं के महत्त्व पर संगोष्ठी। इस कार्यक्रम में १२ विभिन्न समुदायों से १०१ प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

प्रकाशन

ओडिशा में आनंदालय विषयक दृश्य-श्रव्य माध्यम जनवरी, २०२३ में बनाया गया और इसे जारी किया गया। १२ जनवरी, २०२३ - संस्कृति संरक्षण के लिए सावरा समुदाय की ओर से श्री दम्बुरु मंडल को दूसरा ऐक्यम सम्मान प्रदान किया गया।

विवेकानन्द केन्द्र समाचार – २०२२ -२०२३

वि.के.आई.सी. (विवेकानन्द केन्द्र संस्कृति संस्थान), गुवाहाटी

२९, ३० अप्रैल और ०१ मई, २०२२ - तेजस्वी भारत-वि.के.आई.सी. के २५ वर्ष

वि.के.आई.सी. सम्मान : माननीय राज्यपाल प्रो. जे. मुखीजी द्वारा मेघालय के श्री रोथेल खोंगसित और सिक्किम के श्री नामग्याल लेप्चा को वि.के.आई.सी. सम्मान।

पूज्य गोविन्द देव गिरीजी महाराज के ६ प्रवचन : गुवाहाटी विश्वविद्यालय के छात्र, वि.के. कार्यकर्ता और गुवाहाटी के नागरिकों के लिए।

जी.यू. के साथ संस्कृति अन्वेषक श्रृंखला : 'सह-अस्तित्व, सद्भाव और प्रगति के लिए शासन - एनईआई की परम्पराएं और संस्थाएं''

१४ नवम्बर, २२ : श्री जिष्णु बरुआ, आईएएस की उपस्थिति में कार्यक्रम

२० दिसम्बर, २२ : पूर्वोत्तर भारत पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सुशासन के सन्दर्भ में भारतीय संस्कृति का अभिनव पुनरुद्धार - पहला सत्र

संगोष्ठी एवं क्षेत्र का दौरा : देवरी समुदाय की पारम्परिक प्रणालियाँ : मार्च में देवरी साहित्य सभा के साथ परिवर्तन और सातत्य। १६ में से १० शोधपत्र प्रस्तुत किए गए।

नामघर की पारम्परिक प्रणाली - एक केस स्टडी - छात्रों द्वारा फील्ड वर्क का पहला चरण पूरा – ४७ नामघरों का समावेश; चरण दो – फील्ड अन्वेषक द्वारा मार्च और अप्रैल, २०२३ के दौरान नामघरों का अध्ययन।

आरए के क्षेत्र प्रवास : २- ४ जून, २०२२ : क्रमांक २ बोईखुवा मिसिंग गांव, मोरी धनसिरी पंचायत, गोलाघाट जिला;

१५ दिसम्बर, २०२२ से ९ जनवरी, २०२३ : टैगिन समुदाय की पारम्परिक गणना प्रणालियों का दस्तावेजीकरण - विभिन्न क्षेत्रों को समावेश - पापुम पारे, निचला और ऊपरी सुबनसिरी जिला;

१६ से २४ जनवरी, २०२३ : मोरीगोअन जिले के तिवा समुदाय के जैन्तिया, कार्बी, खासी और अन्य समुदायों के साथ सामाजिक सम्बन्ध, जून बील मेला, एक पारम्परिक वस्तु विनिमय प्रणाली प्रथा पर केन्द्रित पद्धति का अभ्यास है।

मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में वि.के.आई.सी. के अनेक अध्याय हैं।

विवेकानन्द केन्द्र समाचार – २०२२ -२०२३

"संसार के सभी मतभेद केवल दृष्टिकोण का ही है, दूसरा और कोई नहीं, क्योंकि सभी के मूल में एक ही तत्व विद्यमान है।" - स्वामी विवेकानन्द

वि.आई.एफ. (विवेकानन्द इन्टरनेशनल फाउंडेशन) नई दिल्ली

विमर्श

- २१ जून, २०२२ : यूक्रेन संकट की पृष्ठभूमि पर चीन की चुनौती – द्वारा राजदूत अशोक के कांथा, आईएफएस (सेवानिवृत्त)
- २८ जुलाई, २०२२ : खाद्य और पोषण सुरक्षा- राष्ट्रीय सुरक्षा की कुंजी - द्वारा श्री बिशो पराजुली
- ७ सितम्बर, २०२२ : भारतीय रणनीति के तकनीकी पहलू- द्वारा श्री श्रीधर वेम्बू, संस्थापक और सीईओ, ज़ोहो कॉर्प।
- ३१ जनवरी, २०२३ : गीता फॉर मिलेनिया – द्वारा स्वामी मित्रानन्द।
- ३१ जनवरी, २०२३ : सिंधु सभ्यता पर वर्तमान शोध के साथ ही प्राचीन अतीत विषयक १० वां व्याख्यान सम्पन्न।

सेमिनार/सम्मेलन

- २९ नवम्बर, २०२२ : २०२२ में भारत में पुरातत्व की स्थिति
- ०१-०२ सितम्बर, २०२२ : विआईएफ और फिक्की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, विषय : भारत को एक वैश्विक ड्रोन हब बनाना।

पुस्तक विमोचन एवं चर्चाएं :

- २२ सितम्बर, २०२२ - गंगा में सांप : ब्रेकिंग इंडिया २.०
- १० अक्टूबर, २०२२ - प्राचीन भारतीय इतिहास में राष्ट्रवाद का अध्ययन (सिंधु सभ्यता पर वर्तमान शोध सहित) विषय पर चर्चा।
-

Interaction with Gen-Next Democracy Network Programme | July 22

वि.के.-वयम

